आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 07.12.2025  समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लोकसभा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर जिले में 108 करोड़ रुपये की 42 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- रूद्रपुर में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 एकड़ भूमि को ईदगाह के कब्जे से मुक्त कराया है।
- और, देहरादून में जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर जिले में संचालित विभिन्न जन सेवा केंद्रों पर निरीक्षण और छापेमारी कार्रवाई की गई।

वंदे मातरम

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर कल लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। पिछले सप्ताह इस बारे में जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि पूरे दिन की चर्चा दोपहर 12 बजे शुरू होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 8 दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और 9 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बागेश्वर जिले में 108 करोड़ रुपये की 42 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें लगभग 62 करोड़ की 24 योजनाओं का लोकार्पण तथा 45.95 करोड़ की 18 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

श्री धामी ने कहा कि बागेश्वर को काशी की तर्ज पर विकसित किया जाएगा और जल्द ही रेल लाइन से जोड़ा जाएगा, जिसका सर्वे भी पूरा हो चुका है। कपकोट में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्वतीय जिलों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। बागेश्वर जिले का ताम्र शिल्प और कीवी आज देश के साथ ही अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

डीजीसीए

नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और एकाउंटेबल मैनेजर इसीड्रो पोर्क्यूरस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द होने को लेकर 24 घण्टे के भीतर जवाब देने को कहा है। इस बीच, सरकार ने इंडिगो को रद्द या बाधित उड़ानों के लिए यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। नागर विमानन मंत्रालय ने आदेश दिया है कि ऐसी सभी उड़ानों के लिए रिफंड आज रात 8 बजे तक पूरा हो जाना चाहिए।

वक्फ संपत्ति

वक्फ संपत्ति प्रबंधन के लिए उम्मीद सेंट्रल पोर्टल को इस महीने की छह तारीख को अपलोड के लिए आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने बताया कि उम्मीद अधिनियम 1995 और सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार पोर्टल ने छह महीने की अपनी समय सीमा पूरी कर ली है। मंत्रालय ने कहा कि पोर्टल पर 5 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियों को शामिल किया गया, जबकि 2 लाख से अधिक संपत्तियों को नामित अनुमोदकों द्वारा अनुमोदित किया गया। मंत्रालय ने यह भी बताया कि निर्माताओं द्वारा 2 लाख 13 हजार से अधिक संपत्तियां प्रस्तुत की गई हैं और समय सीमा तक विचाराधीन हैं। वहीं, सत्यापन के दौरान 10 हजार 869 संपत्तियां खारिज कर दी गईं।

चमोली मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली के सवाड गांव में 18 वें अमर शहीद मेले में शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नंदादेवी राजजात के बाद ग्वालदम –देवाल–वाण –तपोवन मोटरमार्ग को बीआरओ को सौंपने की बात की। श्री धामी ने अमर शहीद मेला सवाड को राजकीय मेला घोषित करते हुए तलवाड़ी और मटई में खेल मैदान बनाने की भी घोषणा की।

अतिक्रमण

उधम सिंह नगर जिले के रूद्रपुर में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 एकड़ भूमि को ईदगाह के कब्जे से मुक्त कराया है। जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत आवास और स्कूल आदि बनाए जाएंगे। कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील किया गया था। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 8 एकड़ भूमि को पुलिस प्रशासन ने कब्जे से मुक्त कराते हुए नगर निगम को सौंप दिया है।

पिथौरागढ़

सेना की कुमाऊं स्काउट्स बटालियन ने सीमांत जिले पिथौरागढ़ के धारचूला ब्लॉक के दुर्गम एवं उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित गो–गांव के लोगों की मुश्किलों को दूर करने की मुहिम के तहत एक सामुदायिक भवन लोकार्पित किए। यह भवन ग्रामीणों के लिए सामाजिक समारोहों,सांस्कृतिक कार्यक्रमों,ग्राम सभाओं और आजीविका–संबंधी गतिविधियों के संचालन का एक केंद्रीकृत एवं सुरक्षित स्थल प्रदान करेगा। सामुदायिक केंद्रों का इस्तेमाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों व सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। सेना में सेवारत जवानों, शहीद सैनिकों, युद्ध या ड्यूटी के दौरान घायल हुए सैनिकों व उनके आश्रित परिवारों के कल्याण के आर्थिक सहायता के लिए 7 दिसम्बर 1949 को इसे शुरू किया गया। तब से प्रतिवर्ष यह दिवस पूरे देश मे समर्पण, कृतज्ञता और गौरव से मनाया जाता है। देहरादून में अधिकारियों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को फ्लैग लगाया। श्री जोशी ने सभी से 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में सैन्य परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए अपना योगदान देते हुए लोगों से भी योगदान देने की भी अपील की। उधर टिहरी में सभी अधिकारियों को झंडा वितरित किया और इससे एकत्रित किए गए धनराशि को सैनिकों के अश्रितों के कल्याण के लिए सौंपी गई। चंपावत जिले के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेवानिवृत्त) उमेद सिंह ने बताया कि निदेशालय से चम्पावत जिले के लिए 3 लाख की धनराशि जुटाने का लक्ष्य रखा गया था जो उन्होंने पूरा कर लिया है।

## देहरादून

देहरादून में जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर जिले में संचालित विभिन्न जन सेवा केंद्रों पर निरीक्षण और छापेमारी कार्रवाई की गई। जिसके तहत उप जिलाधिकारी ऋषिकेश योगेश मेहर ने ऋषिकेश स्थित पशुलोक क्षेत्र में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सेंटर में कई तरह की अनियमितताएं पाई गई।

अनियमितताओं को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से आदेशों के अगले निर्णय तक संबंधित कॉमन सर्विस सेंटर के संचालन पर रोक लगाते हुए केंद्र को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने जन सेवा केंद्रों पर चल रही छापेमारी के संबंध में कहा कि जन सेवा केंद्र आम नागरिकों को सरकारी सेवाएं सरलता से उपलब्ध कराने के लिए स्थापित किए गए हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता, दस्तावेजों का अनुचित संधारण, मूल दस्तावेजों को बिना कारण अपने पास रखना, या निर्धारित मानकों का पालन न करना गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पौड़ी मेला

पौड़ी जिले के गगवाडस्यूं घाटी के तमलाग गांव में मोरी मेला शुरु हो गया है। यह मेला 12 साल बाद आयोजित किया जाता है। 6 महीने तक चलने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीण भी जुट रहे है। मेले में 6 महीने तक पांडव नृत्य के साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस दौरान तमलाग गांव के मध्य स्थित भैरव मंदिर के चौक में प्रतिदिन ढोल सागर से पांडव को अवतरित किया जाएगा। मेले में गणेश पूजन के साथ ही देवप्रयाग तक पैदल यात्रा भी की जाएगी।

## जिम्मेदारी

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित दो राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी मिली है। यह प्रशिक्षण शिक्षा मंत्रालय के भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रकोष्ठ और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से होगा। देश के केवल चार विश्वविद्यालयों को यह दायित्व दिया गया है, जिनमें कुमाऊं विश्वविद्यालय का चयन महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में होने वाले इन कार्यक्रमों का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में प्रभावी रूप से शामिल करने के लिए शिक्षकों की क्षमता मजबूत करना है। प्रतिभागियों को भारतीय बौद्धिक परंपरा की मूल अवधारणाओं और व्यावहारिक समझ प्रदान की जाएगी।

प्रशिक्षण में शिक्षण–अधिगम के भारतीय मॉडल, पाठ्यक्रम समेकन और शैक्षणिक प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित होगा। कार्यक्रम के तहत 14 दिसंबर को एक दिवसीय अभिमुखीकरण और 15 से 20 दिसंबर तक छह दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित होगा, जिसमें देशभर से चयनित शिक्षक और शोधार्थी भाग लेंगे।